Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to improve BSNL mobile service in Dausa Parliamentary Constituency, Rajasthan.

श्री हरीश मीना (दौसा) : मैं केंद्र सरकार का ध्यान अपने निर्वाचन क्षेत्र दौसा की खराब मोबाइल नेटवर्क की ओर आकर्षित करना चाहूँगा। दौसा एक ग्रामीण क्षेत्र है और इस क्षेत्र का एक बड़ा हिस्सा पहाड़ी होने के कारण लोगों को खराब मोबाइल नेटवर्क का सामना करना पड़ता है।

बी.एस.एन.एल. एक सरकारी कंपनी है, इसके बावजूद भी इसका नेटवर्क बेहद खराब है। उदाहरण के तौर पर, थानागाजी व सिकराई तहसील जो मेरे निर्वाचन क्षेत्र का विधान सभा क्षेत्र है और यहां मोबाइल नेटवर्क की सबसे ज्यादा परेशानी है। किसी को कॉल लगाने पर या तो नेटवर्क बिजी बताता है या कॉल बीच में ही कट जाती है, यहां तक की बी.एस.एन.एल. के रिचार्ज भी आसानी से उपलब्ध नहीं होते।

आज भारत में 4जी की सेवाएँ शुरू हो चुकी है परन्तु मेरे निर्वाचन क्षेत्र के कई क्षेत्रों में 2 जी सेवाएँ भी ढंग से नहीं मिल पा रही है। हमारी सरकार का एक मुख्य कार्यक्रमों में से एक है, डिजिटल इंडिया प्रोग्राम जिसके तहत सभी तक डिजिटल सर्विसेस पहुंचाकर एक साथ जोड़ा जा सके। लेकिन अगर यह स्थिति रही तो इस लक्ष्य को पाने का सफर काफी लंबा हो जाएगा।

अंत में, मेरा सरकार से अनुरोध है कि इसका संज्ञान ले और जल्द से जल्द बी.एस.एन.एल. व अन्य मोबाइल नेटवर्क की सेवाएँ दुरूस्त करवाने के निर्देश जारी करें।